Moorebank Intermodal Precinct

Hindi

Moorebank Intermodal Precinct (MIP) ऑस्ट्रेलिया के सबसे महत्वपूर्ण औद्योगिक और इंटरमॉडल प्रीसिंक्टस (क्षेत्रों) में से एक है। ऑस्ट्रेलिया में पहली बार इतने बड़े पैमाने और क्षमता का प्रीसिंक्ट देखने को मिला है और यह देश की आपूर्ति श्रृंखला को भी बदल देगा, हज़ारों ट्रकों को सड़क से हटा देगा और साथ ही माल की और अधिक प्रभावशाली और टिकाऊ प्रसंस्करण और डिलीवरी द्वारा व्यवसायों और उपभोक्ताओं के लिए लागत भी कम करेगा।

MIP को प्रोजेक्ट ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किया गया है

हम यह बताते हुए बेहद प्रसन्नता महसूस करते हैं कि न्यू साउथ वेल्स के प्रीमियर Chris Minns ने Moorebank Intermodal Precinct को Western Sydney Leadership Dialogue Boomtown! Awards में प्रोजेक्ट ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किया है।

MIP ने उत्कृष्ट माल ढुलाई एवं कमर्शियल प्रीसिंक्ट का पुरस्कार भी प्राप्त किया है, तथा Woolworths Moorebank National Distribution Centre ने उत्कृष्ट लॉजिस्टिक्स प्रोजेक्ट का पुरस्कार प्राप्त किया है।

यह मान्यता ऑस्ट्रेलिया के माल लोजिस्टिक्स परिदृश्य पर MIP के परिवर्तनकारी प्रभाव का सबूत देती है। MIP को टिकाऊ लोजिस्टिक्स के भविष्य को बनाने, वेस्टर्न सिडनी में हज़ारों नौकरियाँ उत्पन्न करने, ऑस्ट्रेलिया की आपूर्ति श्रृंखला क्षमताओं को बढ़ाने और उद्योग में नए मानक स्थापित करने वाली परियोजना के रूप में मान्यता दी गई है।

नव सौर ऊर्जा चालित EV ट्रक चार्ज और चेंज स्टेशन

इस महीने हमने Moorebank Intermodal Precinct में इलेक्ट्रिक भारी वाहनों के लिए Janus Electric के नवीनतम चार्ज और चेंज स्टेशन के शुभारंभ पर न्यू साउथ वेल्स के परिवहन मंत्री Jo Haylen का स्वागत किया।

ये अग्रणी बैटरी-स्वैपिंग स्टेशन जो पूर्ण रूप से छत पर लगे सौर ऊर्जा से संचालित होते हैं, ऑस्ट्रेलिया के भारी वाहन परिवहन क्षेत्र में बदलाव के लिए महत्वपूर्ण कदम दर्शाते है। इस स्वैप में उतना ही समय लगता है जितना कि ईंधन भरने में। यह ऑस्ट्रेलियाई इंटरमॉडल टर्मिनल पर बनाई गई अपनी तरह की पहली सुविधा है, जहाँ सड़क और रेल के बीच माल की ढुलाई की जाती है।

इस उपलब्धि के द्वारा ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन में कटौती करने तथा टिकाऊ माल परिवहन में नया मानक स्थापित करने की हमारी व्यापक प्रतिबद्धता झलकती है।

वृक्षारोपण समारोह से पुनर्वनीकरण पहल की शुरुआत की गई

नवंबर में, Moorebank Intermodal Precinct द्वारा Georges River के पास पूर्व “Dustbowl” क्षेत्र, जो कभी सैन्य प्रशिक्षण मैदान था, में वृक्षारोपण समारोह आयोजित किया गया। इस साइट को अब पुनर्वासित किया गया है और इसे जीवंत बायोडायवर्सिटी क्षेत्र बनाने के लिए पुनर्रोपण किया जाएगा।

यह पहल सिडनी के Botanical Gardens से तीन गुना बड़े ,लगभग 100 हेक्टेयर बुशलैंड को दोबारा से स्थापित और संरक्षित करने की हमारी व्यापक प्रतिबद्धता का भाग है ताकि देशी प्रजातियों के लिए समृद्ध आवास और भावी पीढ़ियों के लिए लचीले पारिस्थितिकी तंत्र को सुनिश्चित किया जा सके।

अपडेट: Moorebank Avenue Realignment

जनवरी 2025 से, स्थानीय क्षेत्र में यातायात प्रबंधन को सुव्यवस्थित करने और सड़क सुरक्षा में सुधार करने के लिए Moorebank Avenue के नियोजित पुनर्निर्माण और सुधार (अपग्रेड) के लिए प्राथमिक निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

जनवरी 2025 के मध्य से काम शुरू होने वाला है और यह लगभग 18 महीने तक चलेगा। इसके परिणामस्वरूप प्रीसिंक्ट के उत्तर और दक्षिण को जोड़ने वाली चार लेन और तीन किलोमीटर की सड़क को फिर से तैयार किया जाएगा।

इस परियोजना के लिए निर्माण कार्य को मुख्य रूप से ऑफ़लाइन ही किया जाएगा और Moorebank Avenue के साथ सड़क मार्गों में केवल थोड़े समय के लिए ही बदलाव किया जाएगा। अन्यथा जब तक सलाह न दी जाए, अधिकांश कार्य सोमवार से शुक्रवार सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक और शनिवार को सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक प्रीसिंक्ट के स्वीकृत मानक निर्माण घंटों के भीतर ही किया जायेगा।

इस पूरे कार्य के दौरान ट्रैफ़िक में होने वाले बदलावों और सड़क उपयोगकर्ताओं के प्रभावों के बारे में Moorebank Intermodal Precinct द्वारा नियमित रूप से ईमेल अपडेट जारी किया जाएगा। किसी भी प्रकार की पूछताछ या जानकारी के लिए 1800 986 465 (24/7 हॉटलाइन) या moorebank@tsamgt.com पर संपर्क करें।

Moorebank Intermodal Precinct

संचालन और निर्माण कार्य के घंटे

Intermodal Facility (आयात निर्यात टर्मिनल, Rail Link और वेयरहाउसिंग सहित) के स्वीकृत संचालन घंटे सप्ताह में 7 दिन, 24 घंटे हैं।

निर्धारित समय के बाद कार्य

हमारे काम आम तौर पर मानक निर्माण घंटों के भीतर किए जाते हैं, हालांकि कुछ गतिविधियां या अनिवार्य परिस्थितियां हो सकती हैं जिनके लिए समुदाय, सड़क उपयोगकर्ताओं और स्थानीय व्यवसायों पर प्रभाव को कम करने के लिए कार्य समय के घंटों से बाहर काम करने की आवश्यकता होगी।

इन कार्यों के बारे में www.moorebank.au के माध्यम से पहले से ही सूचित किया जाएगा और प्रभावित निवासियों और व्यवसायों को लेटरबॉक्स ड्रॉप द्वारा सूचित किया जाएगा।

स्वीकृत मानक निर्माण कार्य घंटे हैं:

Moorebank Precinct West
सोमवार से शुक्रवार: सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक
शनिवार: सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक

Moorebank Precinct East
सोमवार से शुक्रवार: सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक
शनिवार: सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक

संपर्क करने के लिए

उपरोक्त किसी भी मामले के संबंध में संपर्क करने, जानकारी का अनुरोध करने या शिकायत करने के लिए:

Level 15, 207 Kent Street,
Sydney, NSW, 2000

1800 986 465 (24/7)

moorebank@tsamgt.com